**लखनऊ।** यूपी के संभल जिले के थाना राजपुरा क्षेत्र स्थित पाठकपुर गांव में साल 2018 में एक महिला के साथ गैंगरेप कर उसे जिंदा जलाने के मामले में न्याय हुआ है। अपर सत्र पोक्सो कोर्ट के जज अवधेश कुमार सिंह ने चार दोषियों- आराम सिंह, महावीर, गुल्लू और भोना को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर कुल 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले का पांचवा दोषी चरन सिंह नाबालिग है। इन्होंने वारदात के बाद पीड़िता को आग के हवाले कर दिया था, जिसने मरने से पहले परिजनों को फोन कर पूरी घटना बताई थी। यह मामला 8 साल पहले देशभर में चर्चा का विषय बना था क्योंकि पीड़िता ने आग की लपटों में घिरे होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और अपने परिवार को फोन किया। परिजनों के फोन में उसकी आवाज और दरिंदगी की कहानी रिकॉर्ड हो गई थी। इस रिकॉर्डिंग को कोर्ट में सबसे बड़ा सबूत माना गया। उस समय इस संवेदनशील मामले को रफा-दफा करने की कोशिश के चलते संभल के तत्कालीन एसपी को भी सस्पेंड कर दिया गया था।

## संसद के शीतकालीन सत्र का हुआ समापन

# पारित हुए 8 विधेयक, एक जेपीसी को भेजा गया, 19 दिन के सत्र के दौरान हुईं 15 बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया था। शुक्रवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। 19 दिन चले इस सत्र के दौरान 15 बैठकें हुईं। इस दौरान कुछ अहम विधेयक चर्चा और विचार के बाद पारित भी किए गए, जिनमें 20 साल पुरानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) की जगह लाया गया वीबी-जी राम जी बिल भी शामिल है।

सरकार इसी सत्र के दौरान प्राइवेट सेक्टर के लिए नागरिक परमाणु सेक्टर खोलने से संबंधित विधेयक भी लेकर आई। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल मिलाकर लोकसभा की बैठक 92 घंटे 25 मिनट हुई। स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने का ऐलान करने से पहले कामकाज का लेखा जोखा सदन पटल पर रखा. उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही।

### वंदे मातरम पर 11 घंटे 32 मिनट चर्चा

स्पीकर ओम बिरला ने शीतकालीन सत्र के दौरान हुए कामकाज का लेखा-जोखा रखा। लोकसभा में इस सत्र के दौरान वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर और चुनाव सुधार, राजनीतिक रूप से संवेदनशील दो विषयों पर चर्चा भी हुई। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। वंदे मातरम् पर लोकसभा में 11 घंटे 32 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 65 सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा एक चर्चा चुनाव सुधार के मुद्दे पर भी हुई। विपक्षी दल 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की डिमांड कर रहे थे।

**सत्र के दौरान कुल 92 घंटे 25 मिनट हुई लोकसभा की बैठक**

**स्पीकर बिरला ने रखा कामकाज का लेखा-जोखा**





### लोकसभा से पारित हुए आठ विधेयक

*शीतकालीन सत्र के दौरान कुल आठ विधेयक पारित हुए। इनमें जी राम बिल भी शामिल है। गुरुवार को विपक्ष के भारी विरोध और कागज फाड़े जाने की घटना के बीच लोकसभा से पारित किया गया था। कड़े नियंत्रण वाले सार्वजनिक परमाणु क्षेत्र को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोलने से जुड़ा बिल शांति भी पारित हुआ। लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाला विधेयक भी पारित किया। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' को लोकसभा से पारित होने के एक दिन बाद राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से पारित कर दिया था। लोकसभा ने शीतकालीन सत्र के दौरान 65 संशोधन अधिनियमों और छह मूल कानूनों को निरस्त करने वाला विधेयक भी पारित किया, जो अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025; केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 भी पारित हो गए हैं। संसद ने अनुपूरक अनुदान मांगें (प्रथम चरण), 2025-26 को भी मंजूरी दे दी।*

### जेपीसी और स्टैंडिंग कमेटी को भेजे गए 1-1 बिल

*उच्च शिक्षा नियामक की स्थापना से संबंधित 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025' को दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया। बाजार प्रतिभूति संहिता से संबंधित एक अन्य विधेयक भी लोकसभा में पेश हुआ, जिसे स्क्रूटनी के लिए विभागीय स्थायी समिति को भेज दिया गया। इस सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए, जिनमें से 72 का मौखिक उत्तर दिया गया। कुल 3449 अतारांकित प्रश्न भी इस सत्र में स्वीकार किए गए। शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने सार्वजनिक महत्व के 408 तात्कालिक मुद्दे उठाए, जबकि नियम 377 के तहत 372 मामलों को उठाया गया। 11 दिसंबर 2025 को शून्यकाल के दौरान 150 सदस्यों ने अपने-अपने मुद्दे सदन में रखे।*

# 'भारत विरोधी बयानों का मुकाबला करने के लिए गठित करें एक इकाई'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय (एमईए) को अपने बाह्य प्रचार एवं लोक कूटनीति (एक्सपीडी) प्रभाग के भीतर एक समर्पित संचार और धारणा प्रबंधन इकाई स्थापित करने की सिफारिश की है। इस पैनल का उद्देश्य भारत विरोधी विचारों की निगरानी, विश्लेषण और उनका काउंटर करना है। बांग्लादेशी मीडिया के कुछ वर्गों में लगातार गलत सूचना और भारत विरोधी बयानबाजी के मद्देनजर, यह गुरुवार को लोकसभा में भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य विषय पर विदेश मामलों की संसदीय समिति द्वारा प्रस्तुत लेटेस्ट रिपोर्ट में की गई 33 सिफारिशों में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाले पैनल को बताया कि अन्य मंत्रालयों और एजेंसियों को शामिल करते हुए समन्वित प्रयासों के माध्यम से बांग्लादेश में धारणाओं और विचारों को संबोधित करने के लिए यह नोडल निकाय बना हुआ है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'जल बंटवारे, बाढ़ संबंधी डेटा साझाकरण, सीमा सुरक्षा मुद्दों और साझा संस्कृति, भाषा और धर्म से जुड़ी घटनाओं और संवेदन-शीलताओं जैसे मुद्दों पर रिपोर्टों और सूचनाओं के आधार पर सही तथ्यों का प्रसार किया जाता है और गलतफहमियों को दूर किया जाता है।

**संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय को दिया निर्देश**



***बांग्लादेश को लेकर जताई चिंता :*** *पैनल में बांग्लादेश में चीन की बढ़ती उपस्थिति, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे, बंदरगाह विकास और रक्षा संबंधी सहयोग में पर चिंता व्यक्त की गई और भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया गया, विशेष रूप से सिलीगुड़ी कॉरिडोर और बंगाल की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में।*

### पैनल ने एमईए से की ये सिफारिश

पैनल ने भारत में हसीना के प्रवास पर कहा कि इस संबंध में देश का दृष्टिकोण गंभीर संकट या अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों को शरण देने की उसकी सभ्यतागत नैतिकता और मानवीय परंपरा से निर्देशित है। पैनल ने सिफारिश की है कि सरकार को अपने सैद्धांतिक और मानवीय दृष्टिकोण को बनाए रखना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी स्थितियों को उचित संवेदनशीलता के साथ संभाला जाए।

# रिपोर्ट का इंतजार, इंडिगो पर होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी। इस महीने की शुरुआत में उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है। परिचालन संकट से पहले देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो रोजाना 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती थी। अधिकारी ने साफ




किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य भविष्य में ऐसी तकनीकी और परिचालन संबंधी गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है। यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य एयरलाइंस के शेड्यूल पालन की भी निगरानी की जा रही है? इस पर जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा 'कोहरे के मौसम और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए एयरलाइंस को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। अधिकारी ने कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो'

**इंडिगो सीईओ ने साझा की है भविष्य की रणनीति-** इस बीच, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने भविष्य की रणनीति साझा करते हुए कहा कि कंपनी का पूरा ध्यान अब स्थिति को सुधारने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन अब तीन प्रमुख स्तंभों लचीलापन, मूल कारण विश्लेषण और पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी का लक्ष्य उन कारणों को जड़ से खत्म करना है जिनकी वजह से उड़ानें बाधित हुईं।

**यूजीसी ने लिस्ट की जारी, इनकी डिग्री नहीं होगी मान्य**

# दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक में चल रही फर्जी यूनिवर्सिटी

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक में चल रही तीन फर्जी यूनिवर्सिटी को लेकर एक पब्लिक अलर्ट जारी किया है। यूजीसी ने कहा है कि इन तीन विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे स्टूडेंट्स की डिग्रियां न तो निजी सेक्टर की नौकरी में और न ही सरकारी सेक्टर की नौकरी के लिए मान्य होगी। यूजीसी ने छात्रों के अभिभावकों को इन विश्वविद्यालयों से अलर्ट रहने को कहा है। आयोग का कहना है कि यह विश्वविद्यालय बिना किसी लीगल अप्रूवल के यूनिवर्सिटी के तौर पर काम कर रहे हैं।



ये हैं वे 3 यूनिवर्सिटी- यूजीसी के नोटिस के मुताबिक, राजधानी दिल्ली की एनआईएमएस, कर्नाटक की सर्व भारतीय शिक्षा पीठ और महाराष्ट्र के नेशनल बैकवर्ड कृषि विद्यापीठ फर्जी विश्वविद्यालय के रूप में काम कर रहे हैं। यूजीसी के मुताबिक, ये संस्थान जो डिग्री दे रहे हैं उनकी कोई मान्यता नहीं है। इन विश्वविद्यालयों के पास भारतीय कानून के तहत डिग्री देने का अधिकार नहीं है।

### आयोग ने छात्रों को दी सलाह

कमीशन ने साफ कहा है कि ऐसे इंस्टीट्यूशन्स से मिली डिग्री वैलिड नहीं हैं। इन विश्वविद्यालयों की क्वालिफिकेशन्स आगे की पढ़ाई, सरकारी भर्ती या प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों के लिए स्वीकार नहीं की जाएगी। यूजीसी ने स्टूडेंट्स को कॉलेज या यूनिवर्सिटी चुनते समय सावधान रहने और एडमिशन लेने से पहले हमेशा यह चेक करने की सलाह दी है कि वह संस्थान आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त है या नहीं। यह चेतावनी यूजीसी की अपनी फेक यूनिवर्सिटीज की लिस्ट को अपडेट करने और पब्लिसाइज करने की चल रही कोशिशों का हिस्सा है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**
**संख्या उप मुअभि-नि-I-भो-02-2025**
**दिनांक 16.12.2025**

उप मुख्य अभियंता-I/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदायें आमंत्रित करते है। **निविदा सं:** DYCE-C-I-BPL-02-2025, **कार्य का नाम:** पावरखेड़ा-झूझारपुर UP तथा DN फ्लाईओवर से संबंधित तटबंध, टो वॉल तथा अन्य विविध कार्यों की सुरक्षा संबंधी कार्य. **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखो में):** 1772.97 लाख, **बयाना राशि रूपये :** 1036500.00, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.01.2026, **कार्य समापन अवधि (माह):** 06 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित ई-निविदा का संपूण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/निर्माण पश्चिम मध्य रेल/हबीबगंज/भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोइ निविदा मानय नहीं है। निविदा कार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथी तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोइ शुध्दिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता)
उप मुख्य अभियंता-I/निर्माण
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **12.01.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी: **मेसर्स लालचंदानी केमिकल्स प्रोपराइटर- श्री संजय लालचंदानी** ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10 औद्योगिक क्षेत्र सिलपहरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 **श्री संजय लालचंदानी** | भूमि एवं भवन (लीज होल्ड संपत्ति) स्थित सिलपहारी औद्योगिक क्षेत्र, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10, खसरा नंबर 18 और 42 का भाग, मौजा- सिलपहारी, तहसील- बिल्हा, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर 21528 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- मेसर्स लालचंदानी केमिकल, द्वारा प्रोपराइटर- श्री संजय लालचंदानी पुत्र वीरदेव लाल लालचंदानी के नाम पर आवंटित, लीजहोल्ड पीरियड 06.05.2022 से शुरू होकर 05.05.2121 **को समाप्त होगा चर्तुसीमाएं:** पूर्व-प्लॉट नंबर 11, पश्चिम-प्लॉट नंबर 9, उत्तर-प्लॉट नंबर 43 ए बी और सी, दक्षिण- 24 मीटर चौड़ी सड़क • भूमि/शेड-भवन का उपयोग केवल उद्योग स्थापित करने के लिए किया जा सकता है। • सफल बोलीदाता द्वारा राज्य सरकार/उद्योग निदेशालय/जिला व्यापार और औद्योगिक केंद्र/सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा आवंटित भूमि/शेड के लिए उस समय प्रचलित भूमि हस्तांतरण शुल्क और ब्याज सहित पुराने बकाया का भुगतान करना होगा। • अनुमति उसी प्रयोजन के लिए होगी जिसके लिए भूमि/शेड भवन आवंटित किया गया है। • खरीदार को संपत्ति का कब्जा प्राप्त होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर भूमि आवंटन/हस्तांतरण के लिए आवेदन जमा करना होगा। BAANKNET PROPERTY ID: CNRB311983022 सांकेतिक कब्जा COORDINATES: 22.01818, 82.191135 | 24/06/2024 / 17/09/2024 / दि. 19/12/2025 को ₹ 17,91,904.63/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 49,60,000/- / ₹ 4,96,000/- / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 11/01/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 12/01/2026 दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 19-12-2025, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

रायपुर। प्रदेश भाजपा संगठन के मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों का लगातार ऐलान हो रहा है। अनुसूचित जाति मोर्चा की कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्ष की भी घोषणा की गई।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

**प्रथम निविदा आमंत्रण**

**विज्ञापन क्र:-154**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त अम्बिकापुर अंतर्गत अटल विहार योजना जगदीशपुर अम्बिकापुर अंतर्गत 65 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 08.01.2026 तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc. cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग अम्बिकापुर के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

संवाद- 46292 उपायुक्त

# कोहरे के कारण लगातार हो रहे हादसे, हाईकोर्ट ने इसे रोकने रोडमैप बनाने कहा

**बिलासपुर।** जिले सहित प्रदेश में घने कोहरे ने खास तौर पर सुबह और शाम में दस्तक दे दी है। हर साल की तरह इस बार भी कोहरा धीरे-धीरे जानलेवा साबित हो रहा है। पिछले एक सप्ताह में ही कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लिया है। राज्य शासन ने अपने जवाब में कहा है कि पिछले दो सप्ताह में पांच बड़ी दुर्घटनाएं हुईं हैं। इसमें घायललोगों का इलाज किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने मामले में अब चीफ सेक्रेटरी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकारें महज एडवाइजरी जारी कर अपने दायित्व की औपचारिकता पूरी करती नजर आ रही हैं। कोर्ट ने दूसरे राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी एनएचएआई को सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए रोडमैप तैयार करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी के तीसरे सप्ताह में रखी गई है।

मौसम विभाग समय रहते कोहरे का पूर्वानुमान जारी करता है, लेकिन दुर्घटनाएं रोकने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कदमों की कमी साफ दिखाई दे रही है। नतीजा यह है कि हर साल कोहरे के मौसम में सड़क हादसों का सिलसिला थम नहीं पा रहा।



पिछले दो सप्ताह मं पांच दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कोर्ट ने माना है कि नेशनल हाईवे और कई मुख्य सड़कों पर शाम होते ही भारी वाहन अवैध ढाबों के पास मुख्य सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं। घने कोहरे में ये वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे तेज रफ्तार वाहन उनसे टकरा जाते हैं। हाईवे पेट्रोलिंग की मौजूदगी भी अक्सर न के बराबर रहती है।

## एडवाइजरी जारी, लेकिन कार्रवाई नदारद

ध्यान रहे कि कोहरे से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए एनएचएआइ ने हाल ही में एडवाइजरी जारी की है। इसमें वाहन चालकों को कोहरे के दौरान 30 किमी प्रति घंटे से अधिक गति नहीं रखने, सड़क संकेतों को स्पष्ट करने, क्रैश बैरियर पर रिफ्लेक्टिव मार्कर और पीले स्टिकर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, चेतावनी के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक बिलबोर्ड, रेडियो और सोशल मीडिया के उपयोग की बात कही गई है। एनएचएआइ ने घने कोहरे वाले क्षेत्रों में रात्रि निरीक्षण और हाईवे पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं, लेकिन इनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कम नजर आता है।

## चालकों की भी जिम्मेदारी तय हो

प्रशासन ने कहा है कि वाहन चालकों को तय सीमा से कम गति रखनी चाहिए और फॉग लाइट या पीली लाइट का सही उपयोग करना चाहिए। गाड़ी चलाते समय सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अचानक ब्रेक लगाने से बचने पर कई दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। ध्यान रहे कि दो दिन पहले रतनपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर दर्री पारा के पास सुबह 5 बजे एक भीषण सड़क में 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 11 यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। इसी तरह बलरामपुर जिले में घने कोहरे की वजह से बाइक सवार पिता पुत्र हादसे का शिकार हो गए। इसमें पिता की मौत हो गई जबकि बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर

**"केविएट-सूचना"**

क्रमांक: I/207412/2025 -LAW-42028/277/2025 नवा रायपुर,
दिनांक 11-12-2025

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 07/2021/परीक्षा/दिनांक 02.09.2021 प्रकाशन की तिथि 08.09.2021, शुद्धि पत्र क्रमांक 03/2024/परीक्षा/दिनांक 07.08.2024 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 05/2024/परीक्षा/दिनांक 20.12.2024 द्वारा प्राध्यापक (उच्च शिक्षा विभाग)- 2021 के कुल-595 पद विज्ञापित किए गए हैं।

2/उक्त विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पद हेतु चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी कारण को आधार बनाते हुए आयोग के उक्त परीक्षा के आयोजन, परीक्षा परिणाम एवं अंतिम चयन सूची परिणाम की कार्यवाही को निरस्त करने/स्थगित करने अथवा किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्राप्त करने के लिए कोई भी रिट याचिका अथवा कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी याचिका में उपरोक्त किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्रदान किए जाने के पूर्व आयोग को सुनवाई का अवसर प्रदान किए जाने हेतु आयोग की ओर से आयोग के प्राधिकृत अधिवक्ता श्री आनंद मोहन तिवारी (मो.नं.-98261-94499, ईमेल- anand_tiwari71@yahoo. com) के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष एक केविएट आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है, जिस हेतु यह सूचना-पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है।

सही/-
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

जी. 252605602/2

# मृत श्रमिक की मां को मिलेगा मुआवजा, हाईकोर्ट का आदेश

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने आईपीसी की धारा 304-ए के तहत, कोई न्यूनतम सज़ा तय नहीं होने एवं सज़ा सिर्फ़ जुर्माने तक भी सीमित हो सकने के आधार पर कार्य के दौरान श्रमिक की करंट से मौत होने के मामले में आम्रपाली वनांचल सिटी के निर्माण कार्य में लगे प्रोजेक्ट मैनेजर, इंजीनियर, सुरपरवाइजर की जेल में बिताई गई अवधि को सजा में बदला है। इसके साथ कोर्ट ने अपीलकर्ताओं को मृत श्रमिक की मां को 50-50 हजार रुपए बतौर मुआवजा 75 दिन के अंदर देने का आदेश दिया है। आदेश पालन नहीं करने पर अपीलकर्ताओं को 3 माह का कारावास भुगतना होगा।

मामले के मुताबिक अम्रपाली वनांचल सिटी, भिलाई का निर्माण कार्य मेसर्स अल्ट्राहोम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया जा रहा था। उस समय अपीलकर्ता एस.के. सिह भिलाई में प्रोजेक्ट हेड थे। निर्माण की गुणवत्ता की देखरेख और नियमों के अनुसार काम की निगरानी का काम सुपरवाइजर जितेंद्र सिह को सौंपा गया था, जबकि सत्येंद्र सिह फोरमैन, आशीष सिह साइट इंजीनियर और आशीष शुक्ला ठेकेदार के रूप में काम कर रहे थे। उक्त इमारत के निर्माण के लिए, राजमिस्त्री कैलन, मजदूरों भागवत, छबी, अरुण और ललित चतुर्वेदी काम कर रहे थे। 4 फरवरी 2013 को काम करने के दौरान ललित चतुर्वेदी की करंट से मौत हो गई थी। मामले में अपीलकर्ताओं के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। जिला न्यायालय ने सभी को 2 वर्ष कैद एवं एक-एक लाख जुर्माना की सजा 2016 में सुनाई। सजा के खिलाफ सभी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। कोर्ट ने अपील खारिज करदी है।

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

**लोक सूचना**

**भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 21 के अन्तर्गत**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भू-अर्जन प्रकरण क्र. 05/अ-82/2020-21 ग्राम-परासी, प.ह.न. 05, रा.नि.म. सिवनी, तहसील-मरवाही में 15 खातेदार के निजी भूमि 2.20 एकड 0.891 हेक्टे. कुम्हारी व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण हेतु के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण हेतु लोक हित में अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसका विवरण नीचे दर्शित है. के स्वत्व माप एवं प्रतिकर के संबंध में तथा ऐसे भूमि में सभी हितों के लिए प्रतिकरों और पुनर्वास व प्रतिस्थापन के दावे में हितबद्ध व्यक्ति, पक्षकार या उसके अभिकर्ता द्वारा दिनांक 24/12/25 को 12 बजे इस कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही में उपस्थित होकर लिखित में और हस्ताक्षरित रूप में प्रस्तुत कर सकता है:-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम मय वल्दियत | खसरा नं. | अर्जित हेतु प्रस्तावित रकबा | |
|---|---|---|---|---|
| | परासी | | एकड़ | हेक्टेयर |
| 1 | अहिल्या बाई पति गोविंद | 1338/1 | 0.17 | 0.069 |
| 2 | नितपाल सिंह, अमृत सिंह पिता लुभान सिंह | 1293/2 | 0.14 | 0.057 |
| 3 | हरिलाल वल्द मेठी | 1342/1 | 0.21 | 0.085 |
| 4 | रमेश्वर वल्द नरबदू | 1345/2 | 0.17 | 0.069 |
| 5 | बोधन सिंह वल्द रामाधीन | 1392<br>1393/1 | 0.12<br>0.19 | 0.049<br>0.077 |
| 6 | गंगाराम वल्द नरबदू | 1361/5 | 0.18 | 0.073 |
| 7 | महसुल, घसनिन वल्द मिलन | 1496/2 | 0.04 | 0.016 |
| 8 | छक्केलाल वल्द सीताराम | 1469/3 | 0.06 | 0.024 |
| 9 | चौथराम वल्द सम्मनलाल | 1495/1 | 0.09 | 0.036 |
| 10 | सुरेन्द्र सिंह, सुनीलकुमार सिंह, बृजेशकुमार सिंह वल्द गोविंद सिंह अहिल्या बाई बेवागोविंद सिंह | 1361/1<br>1361/6 | 0.28<br>0.11 | 0.113<br>0.045 |
| 11 | मनीराम वल्द नन्हेलाल | 1344/2 | 0.11 | 0.045 |
| 12 | ईतवरियाबाई बेवा बोहितराम | 1356 | 0.06 | 0.024 |
| 13 | शंकरलाल पिता भैयालाल, उषाबाई बेवा भैयालाल | 1342/3 | 0.10 | 0.040 |
| 14 | धन्नू पिता भुजबल | 1341/2 | 0.14 | 0.057 |
| 15 | मूलचंद, श्यामलाल पिता अमरलाल | 1340/3 | 0.14 | 0.057 |
| | योग | 17 | 2.20 | 0.891 |

जारी दिनांक 17.12.2025

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
भू-अर्जन अधिकारी, मरवाही

जी. 252605590/2

## कार्यालय नगर पंचायत कुसमी, जिला - बलरामपुर-रा. गंज (छ.ग.)

**Phone no./Fax No.-07778-274411 Email id- cmokusmi@rediffmail.com**

क्रमांक 1083/लो.नि./न.प./2025 कुसमी, दिनांक 17/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली द्वारा जारी सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 181947 | Construction of RCC Drain shankar talab main road to Yadav house at ward no.03 | 15.23 | 11500.00 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |
| 181950 | Construction of C.C. Road Ojha kirana to kamal Prajapati house ward no. 04 | 11.23 | 9000.00 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |
| 181954 | Construction of C.C. Road Aslam house to singh colony ward no. 10 | 10.12 | 8000.00 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |
| 182008 | Construction of C.C. Road Ojha house to Stephen School ward no. 11 | 13.39 | 10500.00 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |
| 182013 | Construction of C.C. Road Khikhirpara primary school to Rakesh House ward no. 12 | 11.62 | 9000.00 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |
| 181902 | Construction of Choupati near children park ward no.03 | 26.30 | 20000.00 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |

टीप:-1. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्युरमेंट http:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 2. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

संवाद- 46293 मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत कुसमी जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)

## भाजपा ने भी गुरु घासीदास बाबा को किया नमन

रायपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री जामवाल ने कहा, गुरु घासीदास बाबा' छत्तीसगढ़ के महान संत, समाज सुधारक और सतनामी पंथ के प्रवर्तक थे।

## छत्तीसगढ़ संवाद

**(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**वेबसाइट- http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771-2512580/81**

क्रमांक-3882/ छगसं. / प्रकाशन / 2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 19/12/2025

**लेदराइट कव्हर पर गोल्ड लीफ सहित डायरी मुद्रण के दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा लेदराइट कव्हर पर गोल्ड लीफ सहित डायरी मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | **रूपये 1,180/- (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं)** |
| अमानत राशि | **रूपये 50,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य)** |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | **दिनांक 29/12/2025 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक** |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 29/12/2025 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक** |
| निविदा खोलने की तिथि | **दिनांक 29/12/2025 समय 4:00 बजे सायं से** |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर अटल नगर

संवाद- 46300

## कार्यालय प्राचार्य, श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई. रोड रायपुर (छत्तीसगढ़) 492010

Web site-www.gacraipurcg.in E-mail- ayurvediccollege@gmail.co
Tel./Fax No.:- 0771-2263396

**-:: काउंसिलिंग कार्यक्रम ::-**

काउंसिलिंग स्थान :- शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) 492010
काउंसिलिंग दिनांक :-दिनांक 29.12.2025, 30.12.2025 एवं 31.12.2025

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में संचालित आयुर्वेद फार्मासिस्ट एवं पंचकर्म सहायक 01 वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों की तैयार प्रावीण्यता सूची महाविद्यालय के वेबसाईट www.gacraipurcg.in में प्रकाशित की गयी है। उक्त सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निम्नानुसार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी इस सूचना को ही बुलावा पत्र मानते हुये काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

**समय सारिणी**

| दिनांक | श्रेणी / संवर्ग | रजिस्ट्रेशन का समय | 10+2 बारहवीं परीक्षा में विषयों (भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान) के कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 29.12.2025 | अनारक्षित | प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक | 295 से 122 तक |
| | | | दिव्यांग 167 |
| 30.12.2025 | अनुसूचित जाति | प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक | 295 से 129 तक |
| | विशेष पिछड़ी अनु.जन. जाति | प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक | 271 से 151 तक |
| | अनुसूचित जाति | प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक | 295 से 131 तक |
| 31.12.2025 | अन्य पिछड़ा वर्ग | प्रात: 12:00 बजे से 02:00 बजे तक | 292 से 122 तक |

नोट:- 1. आरक्षित श्रेणी के रिक्त रह गई सीटों का परिवर्तन दिनांक 31.12.2025 को किया जावेगा। 2. विस्तृत विज्ञापन, श्रेणीवार प्रावीण्यता सूची, आवश्यक प्रमाण पत्रों एवं अन्य नियम निर्देश हेतु महाविद्यालय की वेबसाईट **www.gacraipurcg.in** का अवलोकन करें।

प्राचार्य
श्री नारायण प्रसाद अवस्थी
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

जी-252605569/2

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़) एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

प्र.क्र. 04/अ-82/2022-23/4109 **अधिसूचना** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 15.12.2025

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि, नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की चिचगोहना एनीकट योजना के डुबान कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात में अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

**अनुसूची**

1. भूमि का वर्णन

क-जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, ख-तहसील-मरवाही, ग-नगर/ग्राम-चिचगोहना, घ-भूमि का क्षेत्रफल-3.377 हेक्टेयर

| खसरा न. | रकबा हेक्टे. | खसरा न. | रकबा हेक्टे. | खसरा न. | रकबा हेक्टे. | खसरा न. | रकबा हेक्टे. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 616 | 0.356 | 615/1 | 0.069 | 612 | 0.267 | 605/2 | 0.121 |
| 606/2 | 0.080 | 638/2 | 0.152 | 663/2 | 0.352 | 663/1 | 0.239 |
| 668/4 | 0.142 | 668/5 | 0.607 | 667/5 | 0.065 | 671/4 | 0.121 |
| 687/2 | 0.105 | 667/1 | 0.134 | 687/1 | 0.085 | 683/2 | 0.077 |
| 611 | 0.405 | | | | | | |
| कुल योग | | | 17 | 3.377 | | | |

2. भूमि के नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
लीना कमलेश मंडावी (आई.ए.एस.)
कलेक्टर- गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
एवं पदेन उपसचिव, छ.ग. शासन राजस्व
एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी. 252605584/2

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ) एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**प्रारंभिक अधिसूचना**

प्र.क्र. 01/अ-82/2022-23/4105 गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही दिनांक 15/12/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे संलग्न अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। **अत: भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1)** के उपबंधो के अनुसार सर्व संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा (12) के अन्तर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:-

**- अनुसूची -**

| जिला | तहसील | नगर/ ग्राम/ प.ह.न. | खसरा न. | लगभग क्षेत्रफल हेक्टेयर | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही | मरवाही | माड़ाकोट प.ह.न.-25 | खसरा न. (कुल खसरा संख्या-08) | हेक्टेयर (कुल रकबा 0.420) | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड | माड़ाकोट जलाशय योजना के अंतर्गत स्पील चैनल का कार्य हेतु | |
| खसरा न. | रकबा हेक्टे. | खसरा न. | रकबा हेक्टे. | खसरा न. | रकबा हेक्टे. | खसरा न. | रकबा हेक्टे. |
| 315/1 | 0.024 | 306 | 0.040 | 151/2 | 0.040 | 178 | 0.057 |
| 307/1 | 0.061 | 179 | 0.045 | 149/2 | 0.113 | 150 | 0.040 |
| कुल योग :- | | | 8 | 0.420 | | | |

(2) यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्ष के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा। (3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही के कार्यालय में किया जा सकता है। (4) प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नही है। (5) प्रस्तावित प्रयोजना के लिए भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है। (6) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
श्रीमती लीना कमलेश मंडावी (आई.ए.एस.)
कलेक्टर गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं पदेन उपसचिव
छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252605579/2

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

**लोक सूचना**

**भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 21 के अन्तर्गत**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भू-अर्जन प्रकरण क्र. 01/अ-82/2020-21 ग्राम-सचराटोला, प.ह.न. रा.नि.म. दानीकुण्डी, तहसील मरवाही में 63 खातेदार के निजी भूमि 9.91 एकड 4.001 हेक्टे. राजाडीह जलाशय योजना के नहर निर्माण हेतु के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण हेतु लोक हित में अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसका विवरण नीचे दर्शित है, के स्वत्व माप एवं प्रतिकर के संबंध में तथा ऐसे भूमि में सभी हितों के लिए प्रतिकरों और पुनर्वास व प्रतिस्थापन के दावे में हितबद्ध व्यक्ति, पक्षकार या उसके अभिकर्ता द्वारा दिनांक 31/12/25 को 12 बजे इस कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही में उपस्थित होकर लिखित में और हस्ताक्षरित रूप में प्रस्तुत कर सकता है:-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम मय वल्दियत | खसरा नं. | अर्जित हेतु प्रस्तावित रकबा | |
|---|---|---|---|---|
| | सचराटोला | | एकड़ | हेक्टेयर |
| 1 | हीरा सिंह, रतन सिंह पिता समारू | 717/1 | 0.23 | 0.093 |
| 2 | गोगला पिता डोकरू | 717/2<br>717/3 | 0.03<br>0.06 | 0.012<br>0.024 |
| 3 | सुखनी बाई / पतिराम | 720/3<br>777/1 | 0.06<br>0.10 | 0.024<br>0.040 |
| 4 | सुखराम पिता लाला | 719/1 | 0.13 | 0.053 |
| 5 | हरि सिंह पिता जोहन | 720/4<br>526<br>720/5 | 0.17<br>0.07<br>0.12 | 0.069<br>0.028<br>0.049 |
| 6 | भददू पिता हीरा | 720/1<br>719/2<br>327<br>423/1<br>337/2 | 0.18<br>0.07<br>0.02<br>0.10<br>0.03 | 0.073<br>0.028<br>0.008<br>0.040<br>0.012 |
| 7 | फुलमतिया बाई / रामदीन | 785 | 0.32 | 0.129 |
| 8 | कंसरी बाई पति भईया लाल | 326/1 | 0.05 | 0.020 |
| 9 | दयाराम पिता रामलाल | 777/2 | 0.22 | 0.089 |
| 10 | भंवर सिंह पिता पवन सिंह | 782/1 | 0.07 | 0.028 |
| 11 | माखन पिता छक्के लाल | 781/1 | 0.08 | 0.032 |
| 12 | भेलन सिंह पिता बाबू लाल | 781/2 | 0.08 | 0.032 |
| 13 | कदमियां बाई पुत्री करन सिंह | 764/2 | 0.17 | 0.069 |
| 14 | फुलमति पुत्री करन सिंह | 764/1 | 0.06 | 0.024 |
| 15 | ईश्वरी बाई पुत्री रतन सिंह | 765 | 0.25 | 0.101 |
| 16 | फुलसिंह/गुलाब सिंह | 491/13<br>759<br>766 | 0.10<br>0.14<br>0.08 | 0.040<br>0.057<br>0.032 |
| 17 | शेर सिंह पिता राम सिंह | 742/1<br>748/1<br>512 | 0.12<br>0.05<br>0.10 | 0.049<br>0.020<br>0.040 |
| 18 | बेलवति / मोहन | 492/2<br>448/2 | 0.12<br>0.05 | 0.049<br>0.020 |
| 19 | भगवतिया / सुखलाल | 447/1<br>424/2 | 0.05<br>0.05 | 0.020<br>0.020 |
| 20 | मैकू पिता रंगसाय | 500 | 0.04 | 0.016 |
| 21 | अमर सिंह पिता फोदाली | 399/1 | 0.06 | 0.024 |
| 22 | हनुमत पिता फोदाली | 399/4<br>330/3 | 0.05<br>0.10 | 0.020<br>0.040 |
| 23 | लाल सिंह पिता पक्सा | 399/5<br>330/2 | 0.02<br>0.03 | 0.008<br>0.012 |
| 24 | घासीराम / चैन सिंह | 399/6 | 0.12 | 0.049 |
| 25 | बेचू पिता बैसाखू | 399/2<br>330/1 | 0.03<br>0.03 | 0.012<br>0.012 |
| 26 | धनषू पिता वंशू | 502/4 | 0.03 | 0.012 |
| 27 | सजनिया बाई पुत्री बुद्ध वगै. | 398 | 0.14 | 0.057 |
| 28 | छोटू पिता मुंसी | 502/8 | 0.10 | 0.040 |
| 29 | भोला पिता हीरा | 502/6 | 0.11 | 0.045 |
| 30 | गायत्री बाई पुत्री बैसाखू वगै. | 511 | 0.25 | 0.101 |
| 31 | गणेश, अमृत पिता स्वामीदीन | 513/1 | 0.29 | 0.113 |
| 32 | अजय कुमार पिता रूप सिंह | 524/2 | 0.18 | 0.073 |
| 33 | बाबू लाल पिता भैया लाल | 528/1 | 0.05 | 0.020 |
| 34 | रतू सिंह पिता मंडल | 528/2 | 0.05 | 0.020 |
| 35 | राजकुंवर पुत्री गोविंद सिंह | 532<br>533<br>338 | 0.11<br>0.15<br>0.07 | 0.045<br>0.061<br>0.028 |
| 36 | कोदैली, रामा, मैकू पिता बुद्ध | 337/1 | 0.03 | 0.012 |
| 37 | आनंद राम पिता सुखराम | 343/1 | 0.03 | 0.012 |
| 38 | रघुनाथ पिता पतिराम | 332/3<br>332/2 | 0.03<br>0.06 | 0.012<br>0.024 |
| 39 | त्रिभुवन पिता कल्लू | 332/1 | 0.22 | 0.089 |
| 40 | ना. बा. दीपक, विजय, जयप्रताप पालक माँ तिरसिया बाई जौजे कलम | 328<br>329 | 0.03<br>0.05 | 0.012<br>0.020 |
| 41 | हंसलाल / मनीराम | 326/3<br>194/3 | 0.02<br>0.04 | 0.008<br>0.016 |
| 42 | सहसराम पिता हंसूराम | 326/4<br>207/2 | 0.11<br>0.05 | 0.045<br>0.020 |
| 43 | फूलबाई पति चैनसिंह | 319<br>317/2<br>289/5 | 0.37<br>0.14<br>0.05 | 0.150<br>0.057<br>0.020 |
| 44 | भीखम / सुखलाल | 317/3 | 0.04 | 0.016 |
| 45 | रामसिंह / छोटू | 297/2 | 0.04 | 0.016 |
| 46 | ईश्वरदीन, नवल सिंह पिता बैसाखू | 289/9 | 0.06 | 0.024 |
| 47 | समरथ पिता शिवचरण | 290/2<br>289/8 | 0.04<br>0.06 | 0.017<br>0.024 |
| 48 | धनसिंह पिता मानसिंह | 289/1 | 0.20 | 0.081 |
| 49 | मैकू पिता बुद्धु | 289/1 क का टू | 0.21 | 0.085 |
| 50 | हीरा सिंह पिता बाबूलाल | 289/1 क मे से | 0.21 | 0.085 |
| 51 | बुद्ध सिंह पिता ललवा | 275/1 मे से | 0.12 | 0.049 |
| 52 | जिया लाल / परानू | 270/4 | 0.03 | 0.012 |
| 53 | मोहन, जोहन पिता अमोल सिंह | 270/1<br>194/1 | 0.35<br>0.17 | 0.142<br>0.069 |
| 54 | नोहर सिंह पिता रामचरण सिंह | 270/2 | 0.10 | 0.040 |
| 55 | रामसिंह पिता बलभद्र सिंह | 268/2<br>270/3<br>194/2 | 0.04<br>0.05<br>0.14 | 0.012<br>0.020<br>0.057 |
| 56 | बुद्ध पिता टुगुल | 270/7 | 0.07 | 0.028 |
| 57 | प्रताप सिंह निरंजन | 270/5 | 0.14 | 0.057 |
| 58 | जयसिंह पिता लालाराम | 269 | 0.08 | 0.032 |
| 59 | श्याम लाल पिता छोटू | 199/2 | 0.05 | 0.020 |
| 60 | खंदइया पिता गनपत | 202 | 0.05 | 0.020 |
| 61 | स्वरूप पिता राम सिंह | 206 | 0.09 | 0.036 |
| 62 | पनव सिंह पिता बाबू लाल | 207/3 | 0.29 | 0.117 |
| 63 | रामवति पुत्री मोहन | 209 | 0.28 | 0.113 |
| | योग | 92 | 9.91 | 4.001 |

जारी दिनांक 17.12.2025

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
भू-अर्जन अधिकारी, मरवाही

जी. 252605594/1

# जापान का एमयूएफजी बैंक श्रीराम फाइनेंस में 20 % हिस्सेदारी 39,618 करोड़ में खरीदेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


जापान के बड़े बैंक अपने ही देश में काम बढ़ाने के नए अवसर ढूंढते-ढूंढते थक गए हैं। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अच्छी खपत और बढ़ती क्रेडिट मांग ने जापान के बैंकों के लिए एक नए दरवाजे खोल दिए हैं। आज स्थिति यह है कि भारत का बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर जापान के सबसे बड़े बैंकों का पसंदीदा ठिकाना बन चुका है। इसी बदलते दौर की सबसे बड़ी मिसाल है एमयूएफजी (मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप) का भारतीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस में 40,000 करोड़ रुपए का निवेश।

यह सौदा खास इसलिए हो जाता है, क्योंकि इसके बाद एमयूएफजी को भारत की दूसरी सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। यह कोई साधारण निवेश नहीं, बल्कि जापानी बैंकों के उस गंभीर रुख का संकेत है, जो वे भारत जैसे विकासशील बाजारों में लंबी अवधि की वृद्धि के लिए अपना रहे हैं। जापान का घरेलू बैंकिंग बाजार जितना फैल सकता था, लगभग फैल चुका है। वहां जनसंख्या घटने से नए ग्राहकों की संख्या भी सीमित हो रही है।

## भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने जापान के बैंकों के लिए दरवाजे खोले

### एमयूएफजी ने पहले भी की थी निवेश की कोशिश

पिछले कुछ समय में जापानी बैंकों की भारत में दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। मिजुहो ने अवेंडस का अधिग्रहण किया, डाइवा सिक्योरिटीज ग्रुप ने एंबिट में तीसरा निवेश किया, और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन ने मई में यस बैंक में 1.6 अरब डॉलर खर्च कर 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। ये सभी सौदे दिखाते हैं कि जापान अब भारत में मजबूत आधार बनाना चाहता है।





### भारत में क्यों पैठ बना रहा जापान?

भारत आज वह सब प्रदान कर रहा है जो जापान में संभव नहीं रहा, जैसे कि बढ़ती आय, मजबूत खपत, तेजी से औपचारिक हो रही अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट। वहीं जापान में बैंकिंग इंडस्ट्री पहले से ही लगभग पूरी एक्सपेंड हो चुकी है और एमयूएफजी, एसएमबीसी और मिजुहो जैसे मेगाबैंकों ने लगभग हर उपभोक्ता और कॉरपोरेट को कवर कर लिया है। जनसंख्या घटने और उम्रदराज समाज के कारण वहां ऋण मांग भी कमजोर है।

---

## खबर संक्षेप



### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.69 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.69 अरब डॉलर बढ़कर 688.95 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, रिजर्व का एक मुख्य हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 90.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 557.79 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### आरबीआई के निदेशक मंडल ने चुनौतियों पर की चर्चा




**हैदराबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थिति और उससे जुड़ी चुनौतियों पर शुक्रवार को चर्चा की। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 620वीं बैठक गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यहां आयोजित की गई। आरबीआई ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने बैंकों के लिए जोखिम-आधारित जमा बीमा ढांचे को भी मंजूरी दी है। इसने चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों की गतिविधियों और 2024-25 में भारत की बैंकिंग प्रवृत्ति एवं प्रगति पर मसौदा रिपोर्ट की समीक्षा की।

### सेबी ने ऋण प्रतिभूतियों के नियमों में दी रियायत



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने नियमों में ढील देते हुए बांड जारी करने वालों को 10,000 रुपये के कम अंकित मूल्य पर शून्य-कूपन (ब्याज) वाली ऋण प्रतिभूतियां जारी करने की सशर्त मंजूरी दे दी। इसके लिए शर्त यह रखी गई है कि ऐसी प्रतिभूतियों की निश्चित परिपक्वता हो और निवेशक को मिलने वाला रिटर्न किसी जटिल शर्त, गणना या बाहरी कारक से जुड़ा न हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि इस संशोधन के बाद जारीकर्ता अब ब्याज देने वाली और शून्य-ब्याज वाली ऋण प्रतिभूतियां कम अंकित मूल्य पर जारी कर सकेंगे। सेबी ने कहा, /"जारीकर्ता अब कम अंकित मूल्य पर ऐसी ऋण प्रतिभूतियां जारी करने के लिए पात्र होगा।

### श्री सीमेंट संयंत्र लगाने पर 2000 करोड़ करेगी निवेश




**मुंबई।** श्री सीमेंट ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 20 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता की सीमेंट उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के निवेश की शुक्रवार को घोषणा की।
श्री सीमेंट के चेयरमैन हरि बांगुर ने कहा कि यह नया निवेश समूह की तीन-वर्षीय क्षमता विस्तार योजना का हिस्सा है। इस योजना के तहत कुल उत्पादन क्षमता को 6.8 करोड़ टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर आठ करोड़ टन प्रति वर्ष तक ले जाया जाएगा। बांगुर ने कहा कि महाराष्ट्र के साथ समूह का लंबे समय से संबंध रहा है, जिसमें पुणे स्थित एक ग्राइंडिंग इकाई भी शामिल है। बांगुर ने कहा, ''नए संयंत्र के लिए जमीन का अधिग्रहण लगभग पूरा हो चुका है। संदर्भ शर्तें भी तैयार हैं और अब पर्यावरण मंजूरी का इंतजार है। पर्यावरण मंजूरी मिलने के बाद संयंत्र तैयार होने में दो साल का समय लगेगा।

---

## जीत अदाणी ने 25 दिसंबर से नवी मुंबई अड्डे के परिचालन की दी जानकारी

# अदाणी समूह हवाई अड्डों में अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए का करेगा निवेश

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अदाणी समूह अगले पांच वर्ष में अपने हवाई अड्डों के कारोबार में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उद्योगपति गौतम अदाणी के छोटे बेटे एवं अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक जीत अदाणी ने 25 दिसंबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से पहले कहा, ''हवाई अड्डा क्षेत्र में अगले पांच वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।''

**नवी मुंबई हवाई अड्डा अदाणी समूह के लिए नई उपलब्धि**

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अदाणी समूह के बढ़ते हवाई अड्डा खंड में नवीनतम उपलब्धि है। इससे भारत के विमानन बुनियादी ढांचे में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी।

## नवी मुंबई हवाई अड्डा अदाणी समूह के लिए नई उपलब्धि

### उद्योग 15 से 16 फीसदी की दर से बढ़ रहा

निदेशक ने कहा, ''भारतीय विमानन उद्योग समग्र रूप से अगले 10-15 वर्ष तक लगातार 15-16 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ सकता है।'' उन्होंने चीन की तुलना में प्रति व्यक्ति हवाई यात्रा की कम दर का हवाला देते हुए कहा, ''अगर हम चीन के स्तर तक भी पहुंच जाते हैं।




### मुंबई हवाई अड्डे को जीवीके समूह से अधिग्रहित किया था

अदाणी समूह ने मुंबई हवाई अड्डे को जीवीके समूह से अधिग्रहित किया था।मुंबई के दो हवाई अड्डों के अलावा, अदाणी समूह अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम, जयपुर और मंगलुरु में छह अन्य हवाई अड्डों का संचालन करता है।

### समूह क्षमता को लगातार बढ़ाना चाह रहा

जीत ने हालांकि कहा, ''अंततः, हम इसमें पूरी तरह से शामिल हैं और हम अपनी विशेषज्ञता एवं क्षमता को लगातार बढ़ाना चाहते हैं।'' जीत अदाणी ने कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र (जिसमें हवाई अड्डे और विमानन कंपनियां शामिल हैं) अगले एक दशक या उससे अधिक समय तक 15-16 प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रख सकता है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 2016 से सेवाओं की कमी थी

विकास की संभावना को दीर्घकालिक बताते हुए उन्होंने कहा, ''हमारे सामने विकास का एक बेहद लंबा मार्ग है। सभी संकेत यही दर्शाते हैं कि इसे पूरा किया जा सकता है।'' मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्षमता संबंधी बाधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''मुंबई हवाई अड्डे पर 2016 से ही सेवाओं की कमी थी और वह आने वाली अतिरिक्त मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं था।''

### अगले दौर में सभी 11 हवाई अड्डों के लिए बोली लगाएंगे

जीत अदाणी ने कहा, 'इस उद्योग में एक दृढ़ विश्वास रखने वाले और आशावादी निवेशक के रूप में हम अगले दौर के सभी 11 (हवाई अड्डों) के लिए बोली लगाने में पूरी तरह आक्रामक रुख अपनाएंगे।' रखरखाव, मरम्मत एवं संचालन (एमआरओ) और 'फ्लाइट सिमुलेशन ट्रेनिंग सेंटर' (एफएसटीसी) में निवेश के बारे में उन्होंने कहा, ''अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि हम अब भी एक दीर्घकालिक रणनीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

### अदाणी यात्रियों की आवाजाही का 23 फीसदी नियंत्रित करता है

अदाणी समूह, अपनी हवाई अड्डा इकाई अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के माध्यम से भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा अवसंरचना संचालक है। यह भारत के हवाई यातायात के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करता है, जिसमें यात्रियों की आवाजाही का लगभग 23 प्रतिशत और माल ढुलाई का करीब 33 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। गौरतलब है कि 2019 में हुए निजीकरण के पिछले दौर में अदाणी समूह ने छह हवाई अड्डों अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम, जयपुर और मंगलुरु को हासिल किया था। 2021 में जीवीके समूह से मुंबई हवाई अड्डे का अधिग्रहण किया।

---

# आईबीएम 50 लाख युवाओं को एआई से करेगी प्रशिक्षित

## आईबीएम ने 2030 तक साइबर सुरक्षा में देगी प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2030 तक भारत में 50 लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण देगी।

कंपनी ने बताया कि यह योजना 'आईबीएम कौशल निर्माण' कार्यक्रम के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना और लोगों के लिए उन्नत डिजिटल कौशल और रोजगार योग्यता के अवसर बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम के तहत आईबीएम विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में अपने शैक्षिक प्रयासों का विस्तार करेगी
कंपनी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के




सहयोग से व्यावहारिक एआई प्रशिक्षण, संकाय सशक्तिकरण कार्यक्रम, हैकाथॉन और इंटर्नशिप आयोजित करेगी। आईबीएम के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद कृष्णा ने कहा, भारत में एआई और क्वांटम क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की प्रतिभा और महत्वाकांक्षा है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में दक्षता आर्थिक प्रतिस्पर्धा, वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन को परिभाषित करेगी।

### युवा को उन्नत कौशल तक पहुंचाएंगे

उन्नत कौशल तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाकर, हम युवाओं और छात्रों को भारत के विकास को आगे बढ़ाने, नवाचार करने और गति प्रदान करने में सक्षम बना रहे हैं।

---

**17 दिसंबर के बाद कर संग्रह 17.04 लाख रुपए रहा**

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में एक अप्रैल से 17 दिसंबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। 'रिफंड' धीमा होने और कंपनियों के अधिक अग्रिम कर से शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा है। आयकर विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 10.54 प्रतिशत बढ़कर 8.17 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर (जिसमें व्यक्तियों, एचयूएफ और कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं) 6.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.47 लाख करोड़ रुपये रहा।चालू वित्त वर्ष 2025-26 में




